सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 78 चैत्र 12, गुरुवार, शाके 1948– अप्रेल 2, 2026 अंक 1
Vol. 78 Chaitra 12, Thursday, Saka 1948–April 2, 2026 No. 1

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, श्रीमती रूकमणी देवी पत्नी स्व. श्री भंवरलाल माहेश्वरी, आयु 80 वर्ष, जाति– माहेश्वरी, निवासी ग्राम दिलवाड़ा, जिला अजमेर (राज.) शपथपूर्वक बयान करती हूं:–

1. यह कि मेरा दत्तक पुत्र जिसका नाम प्रशांत माहेश्वरी प्राकृतिक माता–पिता श्रीमती सीता चौधरी एवं सतीश चौधरी हैं।
2. यह कि मैंने प्रशांत माहेश्वरी को उनकी प्राकृतिक माता श्रीमती सीता पत्नी स्व. सतीश चौधरी से जरिये गोदनामा के आधार पर दिनांक 01–02–2025 को गोद ले लिया था तथा उक्त गोदनामा का पंजीयन कार्यालय उप पंजीयक महोदय अजमेर प्रथम में दिनांक 03 फरवरी 2025 को हुआ।
3. यह कि अब मैं अपने पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजों में उनके प्राकृतिक माता श्रीमती सीता चौधरी के नाम के स्थान अपना नाम श्रीमती रूकमणी देवी अंकित करवाना चाहती हूं।
4. यह कि यदि भविष्य में मेरे दत्तक पुत्र प्रशांत माहेश्वरी के प्राकृतिक माता के नाम के स्थान पर अपना नाम परिवर्तित करवाने के बाबत कोई भी वाद विवाद या आपत्ति उत्पन्न होगी तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
5. यह कि यह शपथ पत्र मेरे द्वारा गजट नोटिफिकेशन में अपने दत्तक पुत्र प्रशांत माहेश्वरी के शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजों में उनकी प्राकृतिक माता श्रीमती सीता चौधरी के स्थान पर अपना नाम रूकमणी देवी अंकित करवाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रही हूँ।
6. यह कि भविष्य में मेरे पुत्र को प्रशांत माहेश्वरी पुत्र श्रीमती रूकमणी देवी नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

अजमेर — रुकमणी
दिनांकः– 21–02–2026 — शपथकर्ता

सत्यापन

मैं, उक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि इस शपथ–पत्र की चरण सं. 01 से 06 तक मेरी निजी जानकारी एवम् विश्वास के अनुसार सही व सत्य है।

अजमेर — रुकमणी
दिनांकः– 21–02–2026 — शपथकर्ता

ATTESTED
HARISH DAYMA
NOTARY PUBLIC, AJMER.
36704

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।